# राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर

**परिशोधन प्रार्थना–पत्र संख्या–8/2012/जोधपुर.**
**(सम्बन्धित अपील संख्या–844/2004/जोधपुर)**

वाणिज्यिक कर अधिकारी, प्रतिकरापवंचन, जोधपुर. .....अपीलार्थी (अप्रार्थी).

बनाम

मैसर्स इण्डियन रेयन एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड,
खारिया खंगार, जोधपुर. .....प्रत्यर्थी (प्रार्थी).

**खण्डपीठ**
**श्री राकेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष**
**श्री मनोहर पुरी, सदस्य**

**उपस्थित : :**

श्री एन. एम. मेड़तिया,
अधिकृत प्रतिनिधि .......प्रार्थी की ओर से.

श्री डी. पी. ओझा,
उप–राजकीय अभिभाषक .........अप्रार्थी की ओर से.

**निर्णय दिनांक : 06/04/2015**

## निर्णय

1. यह परिशोधन प्रार्थना–पत्र प्रार्थी (प्रत्यर्थी) मैसर्स इण्डियन रेयन एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, जोधपुर द्वारा राजस्थान कर बोर्ड की अपील संख्या 844/2004/जोधपुर में माननीय खण्डपीठ द्वारा पारित किये गये निर्णय दिनांक 19.09.2011 में परिशोधन हेतु राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (जिसे आगे **'वेट अधिनियम'** कहा जायेगा) की धारा 33 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

2. प्रत्यर्थी (प्रार्थी) द्वारा प्रस्तुत परिशोधन प्रार्थना–पत्र में माननीय खण्डपीठ द्वारा पारित निर्णय दिनांक 19.9.2011 में निम्न त्रुटियां बतायी गयी हैं :–

3. **त्रुटि संख्या 01** – अपील आदेश के पेज संख्या 2 पैरा संख्या 1–कर निर्धारण अधिकारी के निवेदन पर अतिरिक्त आयुक्त, प्रतिकरापवंचन द्वारा छः माह अवधि बढ़ाई गई, तत्पश्चात् आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग के आदेश दिनांक 28.2.96 से अवधि छः माह बढ़ाई गई। त्रुटि के आधार का उल्लेख किया है तथा ऐसे किसी आदेश का अभिलेख पर नहीं होने का तर्क दिया गया है। जबकि उक्त त्रुटि रेकॉर्ड से परिलक्षित है, अतिरिक्त आयुक्त अथवा आयुक्त, वाणिज्यिक कर द्वारा कोई अवधि नहीं बढ़ाई गई तथा अवधि बढ़ाने का कोई औचित्य भी नहीं था, क्योंकि कर निर्धारण समयावधि में ही किया गया है।

**लगातार..............2**

4. **त्रुटि संख्या 02** – अपील आदेश में प्रकरण के गुणावगुण से सम्बन्धित उन तथ्यों को भी निर्णीत किया गया है, जिनके सम्बन्ध में उपायुक्त (अपील्स) द्वारा कोई निर्णय नहीं दिया गया था। इसके आधार के सम्बन्ध में भी लिखा है कि माननीय पीठ को वह बिन्दु, जो अपीलीय अधिकारी द्वारा निर्णीत नहीं था, को सुनने का अधिकार नहीं था। सुनवाई के समय की गई बहस के बिन्दुओं का उल्लेख किया। त्रुटियों के कारण बताने का उल्लेख करते हुए निर्णय को गलत होना बताया तथा पुनः सुनवाई की मांग की।

5. उक्त त्रुटियों को रेकॉर्ड से परिलक्षित बताते हुए प्रार्थी का परिशोधन प्रार्थना–पत्र स्वीकार किये जाने का निवेदन किया गया है।

6. बहस के दौरान प्रार्थी के विद्वान अधिकृत प्रतिनिधि ने उक्त त्रुटियों को दोहराते हुए प्रत्यर्थी (प्रार्थी) का परिशोधन प्रार्थना–पत्र स्वीकार किये जाने पर बल दिया है। विद्वान अधिकृत प्रतिनिधि ने अपने कथन के समर्थन में निम्न न्यायिक दृष्टान्त प्रस्तुत किये हैं :–

**(1) (2007) 295 आई.टी.आर. 466 (एस.सी.) होंडा सिएल पॉवर प्रोडक्ट्स लिमिटेड बनाम आयुक्त आयकर**

**(2) (1987) टैक्सेशन 87(3)–59 (मध्यप्रदेश) आयुक्त, आयकर बनाम प्रिसेस सरला कुमारी, पन्ना व अन्य**

**(3) (2011) 330 आई.टी.आर. 243 (दिल्ली) लछमण दास भाटिया हिंगवाला (प्रा.) लिमिटेड बनाम सहायक आयुक्त, आयकर**

**(4) (2010) 324 आई.टी.आर. 319 (बॉम्बे) इन्वेंचर ग्रोथ एण्ड सेक्यूरिटीज लिमिटेड बनाम इन्कम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल व अन्य**

7. अपीलार्थी (अप्रार्थी) विभाग की ओर से विद्वान उप–राजकीय अभिभाषक ने कर बोर्ड के सन्दर्भित निर्णय का समर्थन किया तथा परिशोधन प्रार्थना–पत्र खारिज करने की प्रार्थना की।

8. उभयपक्ष की बहस पर मनन किया गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया।

9. वेट अधिनियम की धारा 33 का अवलोकन किया जाना समीचीन होगा, जो निम्न प्रकार है :–

**Section 33. Rectification of a mistake. –**

(1) With a view to rectifying any mistake apparent from the record, any officer appointed or any authority constituted under this Act may rectify *suo motu* or otherwise any order passed by him.

मनोहरपुरी

**लगातार..............3**

**Explanation.** – A mistake apparent from the record shall include an order which was valid when it was made and is subsequently rendered invalid by an amendment of the law having retrospective operation or by a judgment of the Supreme Court, the Rajasthan High Court or the Rajasthan Tax Board.

(2) No application for rectification shall be filed under sub–section (1) after the expiry of a period of three years from the date of the order sought to be rectified.

(3) Where an application under sub–section (1) is presented to the assessing authority and a receipt thereof is obtained, it shall be disposed of within a period of one year from the date of presentation and where such application is not disposed of within the said period, the same shall be deemed to have been accepted.

(4) No rectification under this section shall be made after the expiry of four years from the date of the order sought to be rectified.

(5) An order of rectification which has the effect of increasing the liability of a dealer in any way, shall not be made without affording him an opportunity of being heard.

10. प्रत्यर्थी (प्रार्थी) द्वारा प्रस्तुत परिशोधन प्रार्थना–पत्र के सन्दर्भ में निम्न न्यायिक दृष्टान्तों का ससम्मान अध्ययन किया गया। परिशोधन के सम्बन्ध में माननीय उच्चतम न्यायालय के न्यायिक दृष्टान्त निम्नानुसार हैं :–

**(1) (1966) 17 एस.टी.सी. 360 (एस.सी.) मास्टर कंस्ट्रक्शन कम्पनी (प्रा.) लिमिटेड बनाम दी स्टेट ऑफ उड़ीसा व अन्य**

Rule 83 of the Orissa sales Tax Rules, 1947, provides: "The Commissioner of Sales Tax...may at any time correct any arithmetical or clerical mistakes or any error apparent on the face of the record arising or occurring from accidental slip or omission in an order passed by him...":

(1) Sales Tax Reference No. 1623 of 1956; judgment delivered on March 13, 1963,.

Held, on a construction of the rule, that rule 83 provides a summary remedy within a narrow compass. The jurisdiction of the Commissioner under this rule is limited and is confined only to the correction of mistakes or omissions mentioned therein. An arithmetical mistake is a mistake of calculation; a clerical mistake is amistake in writing or typing. An error arising out of or occurring from an accidental slip or omission is an error should not be an error which depends for its discovery, elaborate arguments on questions of fact or law. The accidental slip or omission is an accidental slip or omission made by the court. However wide the expressions in the rule are construed, they cannot countenance a re argument on merits on questions of fact or law, or permit a party to raise new arguments which he has not advanced at the first instance.

लगातार..............4

(2) (2007) 10 वी.एस.टी. 751 (एस.सी.) देवा मेटल पावडर्स प्रा0 लि0 बनाम कमिश्नर ट्रेड टैक्स, यू.पी.

In order to attract the application of section 22 of the U.P. Trade Tax Act, 1948 under which mistakes apparent from the record are rectifiable, the mistake must exist and must be apparent from the record. "Mistake" means to take or understand wrongly or inaccurately; to make an error in interpreting; it is an error, a fault, a misunderstanding, a misconception. "Apparent" means visible; capable of being seen, obvious; plain. A mistake which can be rectified under section 22 is one which is patent, obvious and whose discovery is not dependent on argument or elaboration. Rectification of an order does not mean obliteration of the order originally passed and its substitution by a new order. (see para 10)

Section 22 does not enable an order to be reversed by revision or by review. (see para 10)

A mistake capable of being rectified under section 22 is not confined to clerical or arithmetical mistake. On the other hand, it does not cover any mistake which may be discovered by a complicated process of investigation, argument or proof. A decision on a debatable point of law or fact or failure to apply the law to a set of facts which remains to be investigated cannot be corrected by way of rectifications. (see para 10 and 11)

(3) (2011) 29 टैक्स अपडेट 253 (एस.सी.) सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी बनाम मैसर्स मक्कड़ प्लास्टिक एजेंसीज

"Rajasthan Sales Tax Act, 1994, section 37-Rectification of mistake-while allowing the appeal of the Revenue, the Supreme Court held that:-"(i) The scope and ambit of the power which could be exercised under Section 37 of the Act of 1994 is circumscribed and restricted within the ambit of the power vested by the said section. Such a power is neither a power of review nor is akin to the power of revision but is only a power to rectify a mistake apparent on the face of the record. Rectification implies the correction of an error or a removal of defects or imperfections. It implies an error, mistake or defect which after rectification is made right. (ii) When the subsequent order dated 22-01-2009 passed by the Taxation Board is analysed and scrutinized it would be clear/apparent that the Taxation Board while passing that order exceeded its jurisdiction by re-appreciating the evidence on record and holding that there was no mala fide intention on the part of assessee-respondent for tax evasion. Such re-appreciation of the evidence to come to a contrary finding was not available under Section 37 of the Act of 1994 while

लगातार..............5

exercising the power of rectification of error apparent on the face of the records. (iii) the orders passed by the Taxation Board on 22.01.2009 as also the impugned order and judgment passed by the High Court upholding the said order of the Taxation Board are hereby set aside and quashed and the original order passed by the Assessing officer is restored."

माननीय राजस्थान कर बोर्ड के निर्णय निम्न प्रकार हैं :—

**(4) (2012) 33 टैक्स अपडेट 53 (राज. कर बोर्ड) मैसर्स ओमेगा स्टोन्स प्रा0 लि0 किशनगढ़ बनाम वाणिज्यिक कर अधिकारी, विशेष वृत, अजमेर**

"Raj. Invest-2003, clause 9(b) and 10 read with Rajasthan Sales Tax Act, 1994, section 37 and Rajasthan Value Added Tax Act, 2003, section 33-Rectification of error-Being aggrieved by the appellate authority's order, the dealer has filed appeals before the Rajasthan Tax Board in which the order has been disputed on the ground that grant of interest has been maintained while the appeals have been filed by the Revenue in which setting aside the consequent interest has been disputed. While passing the orders accordingly, the Rajasthan Tax Board held that :- "According to judgment of the Supreme Court in the matter of Makker Plastic Agencies 29 Tax Update 253 it is not permissible to pass order on new thought as such order does not come within the purview of section 37 of Rajasthan Sales Tax Act, 1994 and section 33 of the Rajasthan Value Added Tax Act, 2003. As a result of decision of Tax Board in the matter of R.K. Marbles Private Limited, Kishangarh in Appeal No. 956-962/2009/Ajmer and 1108-1114/2009/Ajmer dated 24.10.2001, the appeals filed by the appellant dealer, all the three appeals i.e. 429/2011, 430/2011 and 431/2011/Ajmer are allowed and the orders by the Assessing Officer and the Appellate Authority are set aside as also when the grants of benefits as per amended orders are set aside, the consequent interest is automatically not leviable. Therefore, al the three appeals i.e- 432/2011, 433/2011 and 434/2011/Ajmer are disallowed and that of order of appellate authority is being affirmed."

**(5) (2011) 30 टैक्स अपडेट 254 (राज. कर बोर्ड) मैसर्स कोटेज इण्डस्ट्रीज एक्सपोजीशन लिमिटेड बनाम सहायक आयुक्त, वाणिज्यिक कर, वृत—अ, उदयपुर**

Rajasthan Sales Tax Act, 1994, section 37 and 65-Rectification application-While disallowing the rectification application the Rajasthan Tax Board held that: "The Hon'ble Supreme Court in the matter of ACTO vs. Messrs. Makkar Plastic Agencies (reported in Tax Update 252) has laid down the legal

principle that:-"The scope and ambit of the power which could be exercised under section 37 of the Act of 1994 is circumscribed and restricted within the ambit of the power vested by the said Section. Such a power is neither a power of review nor is akin to the power of revision but is only a power to rectify a mistake apparent on the face of the record. Rectification implies the correction of an error or a removal of defects or imperfection. It implies an error, mistake or defect which after rectification is made right. Re-appreciating the evidence on record and holding that there was no mala fide intention on the part of assessee-respondent for tax evasion, such reappreciation of the evidence to come a contrary finding was not available under section 37 of the Act of 1994 while exercising the power of rectification of error apparent of the face of the records". The Rajasthan Tax Board further held that there is no such provision in the section on the basis of which review or revision can be made inasmuch as that in the process of rectification, there is no power for (Reappreciatoin).

**(6) (2008) 22 टैक्स अपडेट 138 (राज. कर बोर्ड) मैसर्स रिलायन्स इण्डस्ट्रीज प्रोडक्ट्स, जयपुर बनाम वाणिज्यिक कर अधिकारी, प्रतिकरापवंचन जोन–प्रथम, जयपुर**

Rajasthan Sales Tax Act, 1994, section 37-Rectification While disallowing the rectification application, the Rajasthan Tax Board held that :- "According to order dated 26.07.2007, the amendment in the words has been requested is neither stated by the appellant or the respondent. These words have been expressed by the bench in its decision which have been used after considering all the facts and hence the amendment is not covered in section 37 of the Act.

11. प्रार्थी ने पारित निर्णय को गलत तथ्यों पर, जो कि अस्तित्व में नहीं थे, के आधार पर करना बताया। अपील सुनवाई में ऐसे तथ्य नहीं आने का भी उल्लेख किया। गलत तथ्यों के आधार पर समयसीमा के बिन्दु पर निर्णय विभाग के पक्ष में देने का उल्लेख किया है। प्रार्थना–पत्र में उल्लेखित समस्त बिन्दु निर्णय को दोषपूर्ण बताते हुए तर्क दिये गये हैं तथा पुनः सुनवाई की मांग की गई है।

12. माननीय न्यायालयों के उपरोक्त उद्धरित निर्णयों में प्रतिपादित सिद्धान्त को दृष्टिगत रखते माननीय राजस्थान कर बोर्ड की खण्डपीठ द्वारा पारित संदर्भित निर्णय संचेतन मस्तिष्क से सम्पूर्ण विधिक स्थिति पर विचार करने के पश्चात पारित किया गया है। प्रार्थी द्वारा reappreciation of evidence चाहा गया है, जो अनुज्ञेय नहीं है।

लगातार..............7

13. माननीय न्यायालयों के उपरोक्त निर्णयों के आलोक में प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत परिशोधन प्रार्थना—पत्र को खारिज करते हुए निस्तारित किया जाता है।

14. परिणामस्वरूप प्रत्यर्थी (प्रार्थी) का परिशोधन प्रार्थना—पत्र खारिज किया जाता है।

15. निर्णय सुनाया गया।

मनोहर पुरी 06.04.2015
( मनोहर पुरी )
सदस्य

( राकेश श्रीवास्तव )
अध्यक्ष